तापमान

अधिकतम .27 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026



खरीफ में खाद के लिए तरसे किसान अब रबी के लिए भी हो रहे परेशान





## खबर संक्षेप



### अब तक 4.18 लाख एमटी धान की खरीदी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुव्यवस्थित व्यवस्था और निरंतर निगरानी के साथ सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी पंजीकृत धान उपार्जन केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक कुल 4,18,532.36 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें 3,12,790.36 मीट्रिक टन पतला धान तथा 1,05,742.00 मीट्रिक टन सरना धान शामिल है। खरीदी किए गए धान के सुरक्षित भंडारण और परिवहन की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2,56,244.14 मीट्रिक टन धान का सुरक्षित उठाव पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 3,79,944.60 मीट्रिक टन धान के लिए डिलीवरी ऑर्डर डीओ भी जारी किए जा चुके हैं।

### दो चरणों में विशेष पंजीयन शिविर

**रायगढ़।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम.योगी मानधन योजना असंगठित श्रमिकों के लिए लागू की गई है। इस योजना में फेरी लगाने वाले, कचरा बिनने वाले, हमाल, रिक्षा चालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानीन, वनोपज में लगे श्रमिक, भूमिहीन श्रमिक, कृषि श्रमिक, मध्यान भोजन, रसोईयां, चमड़ा उद्योग, हाथ करघा उद्योग, मनरेगा, बीड़ी उद्योग में कार्यरत श्रमिकों को शामिल किया गया है। साथ ही अन्य समस्त असंगठित प्रवर्ग के श्रमिक शामिल हो सकते हैंए जिसकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है। योजनांतर्गत जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम हो एवं ईपीएफओए ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य, आयकर दाता नहीं हो इस योजनांतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 18 से 40 वर्ष आयु समूह के अनुरूप हितग्राहियों को 55 रुपए से 200 रुपए प्रतिमाह अंषदान जमा करना होगा।

### 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 1 फरवरी को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ जिले में प्रथम पाली में 30 परीक्षा केंद्र और द्वितीय पाली में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है। जारी दिशा निर्देशित के अनुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 2.00 घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुचना होगाए ताकि उनका मंडल के निर्देशानुसार फ्रिस्किंग भौतिक रूप से जांचद्ध तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा और मूल फोटो युक्त पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। निर्देश के अनुसार पहचान पत्र की फोटोकॉपी या अन्य किसी साधन में सुरक्षित मान्य नही होगी। मंडल के निर्देशों के अनुसार सभी परीक्षार्थियों को अपने लिए निर्धारित परीक्षा केंद्र का प्रत्यक्ष अवलोकन कर लें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर पहुचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा दिवस को परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व ही मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। वर्तमान 01 फरवरी को प्रथम पाली प्रातः 09.30 बजे से प्रारम्भ होगीए इसलिए 30 मिनट पूर्व प्रातः 9 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगाए इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से प्रारम्भ होगी इसलिए 30 मिनट पूर्व अपरान्ह 2.30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

जैसे- जैसे पानी होते जाता है कम, वैसे ही बढ़ता है खेती का एरिया

# सूखी नदी की रेतीली जमीन पर हरी मोती चुन रहे किसान, चमक रही किस्मत





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के करीब 15 गांव के 10 हजार किसान सूखी नदी की रेतीली जमीन से हरी मोती चुन रहे हैं। यह सुनने में अटपटा जरुर लगता है, लेकिन उस नजारे की हकीकत तब सामने आती है जब आप पुसौर ब्लॉक के सूरजगढ़ में निर्मित प्रदेश के सबसे लंबी महानदी पुल से गुजरते हैं। कम होती पानी के बीच महानदी की सूखी धरती हरियाली की चादर ओढ़ लेती है। यह हरियाली घास और अन्य पौधों की नहीं , हरी सब्जियों की खेती है और यह हरी मोती कुछ और नहीं बल्कि तरबूज, मिर्च, बैंगन, आलू, टमाटर, गोभी और अन्य कई तरह की सब्जियां है। जिसकी खेती जैसे-जैसे महानदी का पानी कम होते जाती है वैसे-वैसे इसकी एरिया बढ़ती जाती है। मोटा-मोटी डेढ़ से दो सौ एकड़ में पुल के नीचे खेती होती है। अमूमन नदी के तटों पर बसे दो चार गांव के लोग एक दो एकड़ में साग-भाजी लगाते हैं, लेकिन सूरजगढ़ के महानदी पुल के नीचे वृहद खेती होती है। यहां की रेतीली जमीन में खेती कर लोग जीवन यापन करते हैं। आसपास के करीब 15 गांवों के लोग यहां साग- सब्जी की खेती करते हैं। दिसंबर के आखिरी में ही यहां खेती शुरु हो जाती है। जैसे महानदी का पानी कम होती है लोग नाव के सहारो उस पार जाते हैं और खेती की तैयारी करते हैं। इन किसानों को कृषि विभाग की बीज और महानदी से पानी खींचने के लिए पंप उपलब्ध कराता है। इससे किसानों को बिना खर्च खेती करने में मदद मिलती है।

**खास बात**

- 15 गांव के 10 हजार से अधिक लोग नदी के भीतर करते हैं खेती

**इन गांवों के लोग करते हैं खेती**

महानदी के तट पर करीब 25-30 गांव बसे हैं, लेकिन करीब 15 गांव के लोग यहां ज्यादा खेती करते हैं कारण उनका गांव महानदी से लगी हुई है। इसमें सूरजगढ़, पड़िगांव, खपरापाली, चंगोरा भांठा समेत अन्य गांव शामिल है। इन गांवों के लोग सुबह से ही वहां पहुंच जाते हैं और वहीं भोजन बनाकर खाते भी हैं। याने नाव के सहारे एक बार गए तो शाम को ही लौटते हैं।

**गर्मी भर यहां से आती है ताजी सब्जी**

बरसात से पहले यहां करीब पांच महीने लगातार ताजी सब्जियां आती है। चूंकि वृहद खेती करते हैं, ऐसे में रायगढ़ और आसपास के शहरों में यहां की सब्जी जाती है। ओड़िशा भी यहां की सब्जी जाती है। खुले बाजार के अलावा थोक मंडी में ज्यादा सब्जी यहां के किसान बिक्री करते हैं। जमीन रेतीली होने की वजह से ज्यादा समय तक नमी रहती है। इसके कारण पानी भी कम लगता है।

**डूबाकर उबारती है सरिता**

इस नदी के किनारे बसे करीब 21 गांवों की खेती बरसात के समय डूब जाती है। यह गांव केवल पुसौर ब्लॉक के हैं। सरिया ब्लॉक में भी दर्जन भर से अधिक गांव डूब जाती है। इन गांवों को यह नदी बरसात में डूबाती है तो गर्मी में उबारती भी है। यहां करीब 5-6 महीने खेती कर बारिस के समय हुए नुकसानी की भरपाई करते हैं।

महानदी तट के आसपास बसे करीब 15 गांव के लोग नदी की रेतीली जमीन में साग-सब्जी की खेती करते हैं। उनको कृषि विभाग की ओर से बीज और पंप उपलब्ध कराई जाती है।

**रोहित पटेल**
एसएसडीओ, पुसौर

### खोखसा फाटक में चलेगा गर्डर डि-लांचिंग का काम कई गाड़ियां रहेंगी प्रभावित

**रायगढ़।** मंडल के जांजगीर नैला.चांपा सेक्शनों के मध्य किमी 672/27.673/02 में स्थित समपार फाटक संख्या 343 खोखसा फाटक में गर्डर डि-लांचिंग का कार्य ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने गुजरने वाली कुछ गाडियां प्रभावित रहेंगी। 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़, बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर.रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़.बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 22 एवं 24 जनवरी 2026 को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर.रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 23 एवं 25 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## धान खरीदी केद्रों में नहीं कट रहा टोकन, किसानों ने घेरा कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं कट रहा है।इससे किसान परेशान है। जिसे लेकर प्रभावित किसानों ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल और कई कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

प्रभावितों और कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग की है। प्रभावितों ने बताया कि कई किसानों का धान अभी भी खलिहानों में पड़ा हुआ है। जिससे धान खराब होने का डर है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का धान बेचने में समस्या आ रही है। जिसमें किसानों को पटवारी, तहसीलदार व सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें धान नहीं बेच पाने की वजह से धान सही सलामत रखने में भी जगहों की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावितों ने बताया कि धान बेचने के लिये सत्यापन फॉर्म को जमा करने के बाद भी किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कांग्रेस नेताओं व किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग की है।

**कांग्रेसियों ने किया किसानों का समर्थन**

**ट्रैक्टर लेकर कलेक्टोरेट पहुंचेंगे किसान**

पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल का कहना है कि किसानों के धान की खरीदी अब 9 दिन मुश्किल से बचा है। केंद्रों में प्रबंधकों का कहना है कि टोकन नहीं काटना है खरीदी नहीं करना है। इससे खोखरा, ननसिया, नंदेली समेत अन्य गांव के किसान धान बेचने से बचे हुए हैं। जिनका टोकन नहीं कटा है उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी से इस समस्या को लेकर चर्चा हुई है। शाम तक समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया है। अगर समस्या दूर नहीं हुई, तो ट्रैक्टर के साथ किसान कलेक्टोरेट पहुंचेंगे।

**उपभोक्ता फोरम में सेवा में कमी पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ सुनाया फैसला**

## वेकेशन प्लान खरीदने के बाद भी कंपनी ने यात्रा के लिए नहीं की बुकिंग, अब देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वेकेशन प्लान खरीदने के बाद भी नोएडा की शेरेटन हॉलिडेज इंटरनेशनल कंपनी द्वारा यात्रा के लिए बुकिंग नहीं करने पर आवेदिका ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायगढ़ का दरवाजा खटखटाया। आयोग द्वारा सेवा में कमी पाए जाने पर कंपनी को हर्जाना भरने का आदेश दिया गया है। पीड़िता की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता शरद पाण्डेय व सुनवाई अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य राजेंद्र कुमार पाण्डेय और राजश्री अग्रवाल ने की है।

आवेदिका योगिता चक्रधारी पति प्रमोद चक्रधारी एलआईजी जे 602 अटल आवास हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी कोतरारोड रायगढ़ में रहती है। उसने अपने सहपरिवार भ्रमण सम्बंधी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 15 फरवरी 2025 को शेरेटन हॉलिडेज कंपनी से वेकेशन ओवरशिप प्लान क्रय किया। जिसके लिए आवेदिका ने कंपनी को अपने एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 72 हजार का भुगतान किया। इसके बाद कंपनी की ओर से स्वागत पत्र मेम्बरशीप सर्टिफिकेट एवं मेम्बरशीप कार्ड नंबर भी जारी किया गया। उक्त योजना में सदस्यों के मांग के अनुरूप किसी भी मौसम में प्रतिवर्ष 6 रात्रि व 7 दिवस की छुट्टी के लिए सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था सहित पिंक एंड ड्राप एवं प्रत्येक दिन सौजन्य स्वल्पाहार की सुविधा भी प्रदान की जानी थी। उक्त योजना में 5 वर्ष में 35 दिनो के लिए जिसे विशेष ऑफर के तहत कंपनी की ओर से दो अतिरिक्त वर्ष 14 दिन के लिए बढ़ाते हुए सदस्यता प्रदान की गयी थी। आवेदिका अपने परिवार सहित उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए 1 सितम्बर को पहुंचकर 2 सितम्बर 2025 को वापसी थी। ऐसे में 5 अगस्त को आवेदिका ने कंपनी के ई.मेल पर अपने मेम्बरशीप नंबर सहित रिक्वेस्ट भेजीए तब कंपनी द्वारा बुकिंग पॉलिसी का हवाला देकर जानकारी दी गई कि घरेलु यात्रा के लिए 15 दिन पूर्व सूचना आवश्यक है और 14 अगस्त के बाद मेल करने को कहा गया। आवेदिका द्वारा 17 अगस्त को यात्रा विवरण सहित प्रेषित किया जिसके उत्तर में बुकिंग रिक्वेस्ट नोट कर ली गई। इसके बाद कंपनी द्वारा कहा गया कि वांछित दिनांक को ठहरने के उपयुक्त विकल्प प्राप्त कर आवेदिका से शीघ्र ही सम्पर्क किया जाएगा। आवेदिका द्वारा 27 अगस्त को अंतिम प्रयास के रूप में एक मेल प्रेषित किया गया कि यदि हॉटल बुक करने में कंपनी असक्षम है तो 28 अगस्त तक स्पष्ट कर दे ताकि स्वयं के व्यय पर ठहरने की अग्रिम व्यवस्था कर सकें। उल्लेखित आई डी पर मेल किया गया नॉट फाउड प्रदर्शित होने लगा। तब आवेदिका द्वारा प्रेषित नोटिस मिलने के बाद भी कंपनी द्वारा शिकायत का समाधन नहीं किया। ऐसे में उसने आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने कंपनी को आवेदिका को 45 दिन के भीतर जमा की गई राशि 72 हजार , मानसिक, आर्थिक क्षति के रूप में 15 हजार व वाद व्यय 5 हजार रुपए देने का फैसला सुनाया है।




### फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण की बिक्री पर रोक

रायगढ़। औषधि नमूना जांच के दौरान अमानक पाए जाने पर श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण, बैच नंबर 114, निर्माण तिथि 05/24 एवं एक्सपायरी तिथि 05/26 का नमूना परीक्षण हेतु संग्रहित किया गया था। जिसके बाद उक्त दवा का नमूना दिनांक 17 जनवरी को संकलित कर परीक्षण के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केंद्रए रायपुर भेजा गया। परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार उक्त नमूने में एलोपैथी औषधि की मिलावट पाई गईए जो आयुष औषधियों के मानकों के अनुरूप नहीं है।

## चेक पोस्ट में ड्यूटी से गायब हो गया सचिव, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बरमकेला ब्लॉक के अमलीपाली में गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव की डयूटी लगाई गई थी।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार बरमकेला एवं मंडी उपनिरीक्षक बरमकेला के द्वारा संयुक्त रूप से 21 दिसम्बर को रात करीब 11 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव अपने कर्तव्य स्थल से गायब थे। 22 दिसंबर को तहसीलदार बरमकेला के द्वारा गिरजानंद पटेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसका जवाब गिरजानंद पटेल के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव को जिला पंचायत कार्यालय द्वारा 8 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया, जिसमें 03 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। गिरजानंद पटेल ने 12 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत किया है, जो समाधानकारक नहीं पाया गया और उनके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से नहीं किया गया, अपने कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता, लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया गया जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के विपरीत है। इस कारण जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने गिरजानंद पटेल सचिव ग्राम पंचायत खोरिगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

निलंबन अवधि में गिरजानंद पटेल का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला रहेगा और निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जौवन निर्वाह भत्ते दी जाएगी।

**खास बात**

- अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए लगाए ड्यूटी में लापरवाही कर्मचारी को पड़ा भारी

सड़क हादसों में कमी लाने पर विशेष फोकस, विजुअल और सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर

# बढ़ती वारदातों से पुलिस के माथे पर शिकन, कमी पर चिंतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियोंए थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रमुखों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2026 में जिले की पुलिसिंग को लेकर अपनी स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत की। क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की शीर्षवार समीक्षा करते हुए शरीर संबंधी अपराधए संपत्ति संबंधी अपराध, चाकूबाजी, महिला अपराध एवं साइबर अपराधों में गत वर्ष की तुलना में हुई बढ़ोतरी तथा उसके कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करनेए थाना क्षेत्रों में बसे संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच तथा सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने इन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हरसंभव प्रयासों से मृत्यु दर में कमी लाई जाए। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि पूंजीपथराए जूटमिल और खरसिया क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जबकि पुसौर, भूपदेवपुर और छाल थाना क्षेत्रों में दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। इस पर जिला नोडल अधिकारी डीएसपी ट्रैफिक एवं संबंधित थाना प्रभारियों को बीते तीन वर्षों के डाटा का विश्लेषण कर दुर्घटना जन्य स्थलों की पुनः रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।




**भीड़भाड़ इलाकों पर पुलिस की रहेगी निगरानी**

बैठक में एसपी ने विजुअल पुलिसिंग को और प्रभावी रूप से लागू किए जाने पर जोर देते हुए प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सतत मौजूदगी रखने के निर्देश दिए और सभी थाना क्षेत्रों में नियमित पैदल गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जिले में सामुदायिक पुलिसिंग जिसमें थाना क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम, जागरूकता अभियानों के माध्यम से पुलिस सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रही है और समाधान की दिशा में तत्परता दिखा रही है, इसे जारी रखा जाए।

**एसडीओपी को सौंपी गई जिम्मेदारी**

अनुविभागवार आर्म्स एक्ट, मादक पदार्थों, जुआ.सट्टा जैसी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकए नगर पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी/डीएसपी को अलग.अलग नोडल अधिकारी नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अपराधवार समीक्षा के बाद लंबित चालान, मर्ग प्रकरण एवं गंभीर मामलों की केस डायरी की एक.एक कर समीक्षा करते हुए राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को शीघ्र निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत

**केन्दुझर।** जिलारूचंपुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मथुरापुर के पास शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जड़िपदा गांव से पैदल जा रहे चार लोगों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। हादसे में जड़िपदा गांव निवासी युधिष्ठिर महांत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भाई यशवंत महांत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल यशवंत को तत्काल केन्दुझर जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बीती रात उन्होंने भी दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चारों लोग पैदल सड़क किनारे जा रहे थे, तभी पीछे से आई बोलेरो ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो लोग सड़क पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार बोलेरो वाहन नंबर ओडी 09 सी 3248 को बसासाही गांव से बरामद कर लिया है। हालांकि वाहन चालक अभी फरार बताया जा रहा है।

### मृतक के परिजनों को नौकरी और आर्थिक सहायता

**राउरकेला।** राउरकेला में हाल ही में हुई दर्दनाक विमान दुर्घटना के बाद इंडिया वन एयर ने पीड़ित परिवार के लिए अहम राहत कदम उठाने की घोषणा की है। कंपनी ने मृतक के परिजनों को रोजगार और आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है, जिससे शोकाकुल परिवार को संबल मिल सके। इंडिया वन एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ प्रेम कुमार गर्ग ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को कंपनी में नौकरी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, तत्काल राहत एवं पुनर्वास के तहत मृतक परिवार का पांच महीने तक का संपूर्ण खर्च इंडिया वन एयर द्वारा वहन किया जाएगा। सीईओ ने यह भी बताया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा अगले दो से तीन दिनों के भीतर घटनास्थल से हटाकर भुवनेश्वर ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हादसे की विस्तृत जांच जारी है और प्रारंभिक अंतरिम जांच रिपोर्ट एक माह के भीतर प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। इस बीच, विमान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुसांत कुमार बिस्वाल की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### महिला वॉलीबॉल स्पर्धा का आयोजन

**राउरकेला।** सेक्टर 20 स्थित राइजिंग क्लब वॉलीबॉल ग्राउंड में राउरकेला ओपन महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संयुक्त आयोजन सुंदरगढ़ जिले की अग्रणी खेल संस्था चंद्रशेखर स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजेशन तथा राइजिंग क्लब द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस टूर्नामेंट में राउरकेला की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जो महिला खिलाड़ियों के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को दर्शाता है। मुकाबलों में उच्च स्तरीय प्रदर्शनए टीमवर्क और दृढ़ संकल्प देखने को मिला जिसे दर्शकों और खेल प्रेमियों ने खूब सराहा। समापन समारोह में राउरकेला विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताएं महिला खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं का अनुभव दिलाने में सहायक होती हैं।

### जिले में अंतिम व्यक्ति तक सड़क सुविधा पहुंचाने तेजी से हो रहा कार्य

# सड़क कनेक्टिविटी को मिल रही नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में अभूतपूर्व स्तर पर सड़क विकास कार्य चल रहे हैं। प्रदेश में विकास की गति नई ऊंचाइयों को छू रही है और जशपुर जिला भी इस परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, जहाँ अब हर दिशा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके तहत जशपुर जिले में 914 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 603 से अधिक सड़कों की स्वीकृति मिली है। इसमें लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जिले में 103 सड़कों के निर्माण हेतु 567 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे दूरस्थ अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने तथा ग्रामीण जीवन स्तर में ठोस सुधार लाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

> ■ दो वर्षों में 914 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से लगभग 603 सड़कों की मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत भी जिले में व्यापक कार्य हो रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत 93 सड़कों के निर्माण के लिए 239 करोड़ 26 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है, जिन मार्गों का कायाकल्प किए जाने से ग्रामीण इलाकों को कीचड़ और बदहाल रास्तों से स्थायी राहत मिलेगी। यह वही ऐतिहासिक योजना है जिसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण भारत को मुख्य मार्गों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ किया था। साय सरकार के दो वर्षों में जशपुर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में सार्थक सुधार दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत 378 सीसी सड़क निर्माण कार्यों के लिए 31 करोड़ 34 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है, जिससे मोहल्लों, गलियों और आंतरिक बस्तियों में आवागमन और अधिक सुगम होगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं वनांचल क्षेत्रों में 76 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 29 नई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। आगामी वित्तीय वर्ष में भी कई नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों तक सड़क सुविधा पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्य सड़क निर्माण कार्य- जिले को मिली स्वीकृति के मुख्य कार्यों में लूडेग तपकरा मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य लंबाई 41 किलोमीटर, बागबहार कोतबा मार्ग लंबाई 13.20 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, जशपुर आस्ता कुसमी मार्ग का उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य, बतौली बगीचा चराईडाँड मार्ग का 16.80 किलोमीटर का निर्माण कार्य एवं वर्टीकल प्रोफ़ाइल करेक्शन तथा पुल पुलिया का चौड़ीकरण कार्य, कांसाबेल - बगीचा मार्ग लंबाई 39.00 किलोमीटर में मजबूतीकरण पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, ग्राम पोड़ीखुर्द से ग्राम सुलेशा के बीच दनगरी घाट लंबाई 13.60 किलो मीटर का निर्माण कार्य, बिछीकानी ढूढरुपारा से जमरगी तक मार्ग लंबाई 9.40 किलो मीटर में सड़क निर्माण कार्य, बालाछापर - आरा सकरडेगा लंबाई 14.40 किलो मीटर का सुदृढ़ीकरण कार्य, पोटकोसेमेर साजापानी केदापानी से करडांड दुलदुला पहुंच मार्ग, लोरोदोफा से गढ़ारामबंध होते हुए जामपानी तक, ठूठीअंबा से कादोपानी झारखंड पहुंच मार्ग तक, अबिरा से पंडरीअंबा मार्ग, नन्हेंसर से लालदरा, पहारटोली से धुईपानी, धनपाठ से कामारीमा वडापा बरुवा पहाड़, बनगांव से डीपाटोली, लोरोदोफा से गढ़ारामबंध होते हुए जामपानी तक एवं छेड़डांड से टुकुरोली पहुंच मार्ग सहित अन्य कार्य शामिल है।

#### सड़क निर्माण से बदलती ग्रामीण तस्वीर

शासन का उद्देश्य है कि जिले की हर बस्ती को बारहमासी सड़क सुविधा मिले, ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। नई सड़कों के निर्माण से स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच सुगम होगी। कृषि उत्पादों और वनोपज को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय और परिवहन खर्च कम होगा, जिससे किसानों और संग्राहकों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। बेहतर सड़कों के कारण एम्बुलेंस, स्वास्थ्य दल और टीकाकरण टीमों को गांवों तक समय पर पहुंचना आसान होगा, जिससे गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार आएगा। निर्माण के दौरान स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिलेगा और सड़क निर्माण के बाद परिवहन साधनों, ग्रामीण व्यापार, दुकानों और सेवा आधारित गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिससे ग्रामीण आर्थिक सक्रियता में नई ऊर्जा आएगी। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंच आसान होने से आय के नए अवसर भी विकसित होंगे तथा प्रशासनिक निगरानी और आपदा प्रबंधन कार्यों में भी उल्लेखनीय तेजी आएगी।

## कुनकुरी में झारखंड से आ रहा 500 बोरी अवैध धान जब्त



**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर कुनकुरी में झारखंड के बसिया से आ रहा 500 बोरी अवैध धान को राजस्व विभाग की टीम द्वारा पकड़ा गया और नारायणपुर थाना के सुपुर्द किया गया। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को कुनकुरी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर वाहन क्रमांक ब्ळ 04 5494 की जांच की। जांच के दौरान वाहन में 500 बोरी धान लोड पाया गया, जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में यह सामने आया कि वाहन बगीचा की ओर जा रहा था। राजस्व विभाग द्वारा वाहन एवं धान को नारायणपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सोनक्यारी में पिकअप से 25 क्विंटल अवैध धान जब्त



**जशपुरनगर।** धान खरीदी सीजन में अवैध परिवहन पर नकेल कसते हुए जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। चौकी सोनक्यारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेमने के जंगल मार्ग पर पुलिस ने झारखंड से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी कर रहे पिकअप वाहन से 25 क्विंटल धान जब्त किया है। जब्त धान की कीमत लगभग 57 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को 18 जनवरी की शाम करीब 8 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रेमने के जंगल के ग्रामीण रास्ते से एक सफेद पिकअप क्रमांक जेएच- 07-ई 3510 भारी मात्रा में धान लेकर गुजर रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी में 59 बोरियों में 25 क्विंटल धान बरामद हुआ।

## बरमकेला में खुलेआम चल रहा है लाल ईंटों का अवैध कारोबार



**बरमकेला।** बरमकेला क्षेत्र में लाल ईंट का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ईंट भट्टे के धुएँ से ढका आसमान, नष्ट होती उपजाऊ कृषि भूमि और प्रदूषित पर्यावरण से लोग बीमार पड़ रहे हैं।

बिना पर्यावरणीय स्वीकृति, खनिज विभाग की अनुमति, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी और स्थानीय प्रशासन की मंजूरी के ईंट भट्टों का संचालन पूरी तरह अवैध है। बावजूद इसके बरमकेला क्षेत्र में दर्जनों ईंट भट्टे धड़ल्ले से चल रहे हैं। न कोई निरीक्षण, न कोई नोटिस, न कोई सीलिंग कार्रवाई। कृषि भूमि कुछ ही दिनों में बंजर होती जा रही है। यह सिर्फ पर्यावरण अपराध नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य पर सीधा हमला है। ईंट भट्टों से निकलने वाला जहरीला धुआँ बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। सांस की बीमारियाँ, एलर्जी और आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने न कोई सर्वे कराया, न कोई चेतावनी जारी की। ईंट भट्टों को विद्यालयों से दूर रखने के स्पष्ट नियम होने के बावजूद बरमकेला क्षेत्र में इन नियमों की खुलेआम हत्या की जा रही है।

### गिरे हुए मोबाइल को उठाने के दौरान बस चढ़ गई, यात्री की गई जान

**ब्रजराजनगर।** बेलपहाड़ थाना अंतर्गत मुचबाहाल जुराबगा सड़क पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई है। बस की चपेट में आने से एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम जितेंद्र यादव 37 है। वह झारखंड का निवासी था और यहां एक ट्रक में हेल्पर के रूप में काम करता था। ड्राइवर हिरासत में घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल बस ओडी 23 जे 9355 को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया था। जानकारी के अनुसार, निजी बस बंधबहाल से बेलपहाड़ जा रही थी। जितेंद्र गुमाडेरा जाने के उद्देश्य से बीच रास्ते में बस में चढ़ा था। इसी दौरान उसकी जेब से मोबाइल फोन अचानक नीचे गिर गया।

## बड़बिल में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में सशस्त्र डकैती

**बड़बील।** केंदुझर जिले के खनिज नगरी बड़बिल के कलिंग रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में एक गंभीर सशस्त्र डकैती की घटना होने की सूचना मिली है। दिन दहाड़े हुई इस डकैती से पूरे शहर में दहशत और सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 से 6 अज्ञात अपराधी ग्राहक बनकर बैंक के अंदर घुसे। अचानक उन्होंने बंदूक निकालकर बैंक कर्मचारियों और वहां मौजूद ग्राहकों को डरा धमकाया।

> ■ बंदूक की नोक पर 8 लाख रुपए नकद और 5 करोड़ से अधिक का सोना लूटा गया

बंदूक की नोक पर लगभग 8 लाख रुपए नकद तथा बैंक में रखे करीब 5 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के आभूषण लूटकर डकैत मौके से फरार हो गए। घटना के समय बैंक के अंदर मौजूद कर्मचारी और ग्राहक भय के कारण घबरा गए थे। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही बड़बिल पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बैंक परिसर को घेर लिया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा यह जांच की जा रही है कि डकैत किस दिशा में फरार हुए। जिले के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर डकैतों को पकड़ने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। बैंक की ओर से लूटी गई नकदी और सोने की सटीक मात्रा को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है।




## अवैध भूमि अधिग्रहण के विरोध में स्थानीय लोगों का धरना



**राजगांगपुर।** राजगांगपुर थाना क्षेत्र के झागरपुर के पास सोमवार को राउरकेला संबलपुर राज्य राजमार्ग पर भारी जाम लग गया, जब स्थानीय निवासियों ने डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड के कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन किया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कंपनी ने बिना उचित सहमति, मुआवजा और कानूनी प्रक्रिया का पालन किए उनकी जमीन अधिग्रहित करने का प्रयास किया। नारों और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग के साथ प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए, जिससे राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

सड़क जाम के कारण भारी ट्रक, बसें और निजी वाहन कई घंटों तक मार्ग में फंसे रहे। वाहनों की कतारें कई किलोमीटर लंबी हो गईं, जिससे यात्रियों और परिवहन चालकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा। सूचना पाकर राजगांगपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कानून व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया। साथ ही प्रदर्शनकारियों कंपनी प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बातचीत कराने की पहल शुरू की गई, ताकि मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सके। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हैं और कह रहे हैं कि जब तक उनकी शिकायतों का समाधान नहीं होता और न्यायसंगत निर्णय का आश्वासन नहीं मिलता सड़क जाम जारी रहेगा।

## अभा आरण्यक ब्राम्हण समाज की बैठक में उठा आरक्षण का मुद्दा



**पुसौर।** साल 1924 से स्थापित संगठन अखिल भारतीय आरण्यक ब्राम्हण समाज इन दिनों अपने समाज के साथ साथ अपने से जुडे लोगों के विकास, राष्ट्रीय मुद्दो जैसे आरक्षण, ईडब्ल्यूएस की मान्यता सहित कई बिन्दुओं के चर्चा कर उसे धरातल में लागू करने की बीड़ा उठाया है। इसके लिए लगातार बैठकें भी आहुत हो रहे हैं। जिसमें आरण्यक ब्राम्हण समाज के कुल परिवार के मुखिया, युवा एवं महिलाएं शामिल हो रहे हैं और उसमें कई समितियां भी बनाई गई हैं।

संगठन के रीड में प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही इसके अध्यक्ष हैं और महासचिव प्रदीप पाणिग्राही हैं वहीं छत्तीसगढ़, ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित अन्य कई राज्यों के लिए उपाध्यक्ष नियुक्त हैं जिसमें सत्यनारायण पंडा, कैलाश पंडा, सुर्य कुमार पंडा, गगन बिहारी पाणिग्राही, मित्रभानु जोशी, कान्हुचरण पुरोहित शामिल हैं, सचिवों में सुदामा नायक सुरेश शर्मा, संयास चरण पाणिग्राही, राजीव लोचन पाढी, शरद पुरोहित, शेषदेव पंडा हैं। कोशाध्यक्ष अशोक पंडा, सह कोशाध्यक्ष दिलीप पाढी, प्रवक्ता कीर्तन सुपकार तथा मिडिया प्रभारी गणपति पाढी है। उक्त पदाधिकारियों द्वारा कई ग्रामों को मिलाकर अंचल बनाया गया है जिसके अंचलाधिकारी एवं सह अंचलाधिकारी है। अब तक बरमकेला, सरिया, भिखमपुरा सहित कई अंचलों में बैठकें हो चुकी है। इसी क्रम में बीते रविवार को पुसौर के बाजार स्थित मंगलभवन में सुपा धुलुंडा एवं पुसौर अंचल के अंचलाधिकारी शशिभूशण पाणिग्राही, त्रिलोचन शर्मा, अशोक पुजारी कृष्ण कुमार पुरोहित, प्रमोद कुमार शर्मा, भूपेश पंडा, उत्तम पंडा श्याम शंकर पाणिग्राही आदि लोगों के सौजन्य से बैठक हुआ।

## सारंगढ़ में नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मान



**सारंगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मान समारोह सारंगढ़ में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा सारंगढ़ की विधायक उतरी गणपत जांगड़े एवं बिलाईगढ़ विधानसभा की विधायक कविता प्राण लहरें विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

सम्मान समारोह में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से नव नियुक्त कांग्रेस अध्यक्षों की उपस्थिति रही, जिनमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन बिलाईगढ़, भीषम साहू सरसीवां, रामनाथ सिदार सारंगढ़, किशोर पटेल बरमकेला, यूक्रेशन साहू सरिया, सारंगढ़ शहर अध्यक्ष राकेश पटेल तथा उल्खर–कोसीर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश श्रीवास प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने में नव नियुक्त अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष शामिल हुए, मुख्य अतिथि ने किया पुस्तक का विमोचन

# सरिया में हुआ पेंशनरों का तहसील स्तरीय सम्मेलन



**सरिया।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का तहसील स्तरीय सम्मेलन सरिया में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ व रायगढ़ जिले के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रांतीय अध्यक्ष ने तहसील स्तरीय पेंशनधारी कल्याण संघ सरिया की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि सरिया तहसील के पेंशनधारी बहुत ही सजग और सक्रिय है। हमेशा यह संघ के लिए कार्य करते हैं। मैं हमेशा संगठन के मजबूती के लिए काम करते आ रहा हूं, और सरिया संगठन मजबूती से कार्य कर रहा है।

नगर के सत्य महिमा आश्रम में आयोजित तहसील स्तरीय छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनधारी शामिल हुए। सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना के बाद सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सभी सम्मानीय अतिथियों ने पेंशनधारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लेते हुए हर संभव पेंशनधारियों को सहयोग करने की बात कही। सम्मेलन में प्रमुख रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर डी पी मनहर ने कहा कि हम हमेशा ही पेंशनधारियों के आवाज को शासन प्रशासन के समक्ष रखते हुए कार्य कर रहे हैं। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के पेंशनधारी लाभान्वित हो रहे हैं। विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से संघ ने मिलकर पेंशनरों की समस्या समाधान की मांग किया। जहां मुख्यमंत्री ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। सरिया में आयोजित सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष ने सभी प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि 14 बिंदुओं को लेकर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। और मुख्यमंत्री ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए समस्या समाधान की बात कही है। इस सम्मेलन में वरिष्ठ पेंशनधारी साहित्यकार डॉ गौतम सिंह पटेल सालर सारंगढ़ पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि डां मनहर के कर कमलो से संपन्न हुआ है। अंत में तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रधान ने आभार व्यक्त किया।

## स्वेच्छा अनुदान से मिली सहायता से महिला बनी आत्मनिर्भर



**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सार्थक पहल से एक महिला ने आत्मनिर्भर होने का मार्ग चुना। दरोगापारा निवासी 27 वर्षीय चंद्रा निषाद ने विधायक कार्यालय में संपर्क किया और आर्थिक मदद मिलने पर रोजगार करने की बात कही। स्थानीय विधायक कार्यालय में मौजूद सहयोगियों ने महिला की बातों को विधायक ओपी तक पहुंचाया। महिला की जीवटता को देखते हुए विधायक ओपी ने स्वेच्छानूदान मद से तत्काल मदद राशि मुहैया कराई गई ।इस महिला ने मिली मदद से शक्ति गुड़ी चौक शिव मंदिर समीप सब्जी बेचना शुरू किया। देखते देखते महिला की मेहनत रंग लाई और दो माह के अंदर ही महिला आत्मनिर्भर बन गई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई। सब्जी बेचने के काम से मिली कमाई से परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से कर रही है।



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।



## लाइफ Style

# त्रिधा
## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑल दैट में की थीं काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। कियाना अंडरवुड 2005 में लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' के सात एपिसोड में अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं। उन्होंने निकेलोडियन के 'लिटिल बिल' में भी काम किया था। बिल कॉस्बी द्वारा निर्मित एनिमेटेड सीरीज 'लिटिल बिल'में उन्होंने मुख्य किरदार की चचेरी बहन फुच्सिया ग्लोवर को आवाज दी।





# अवतार: फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतार: फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब आप इसे घर बैठकर ऑनलाइन देख सकते हैं। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी 'अवतार 3' को ग्लोबली दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन मिला। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 की कमाई कर ली है। हालांकि, भारत में सभी भाषाओं में 170 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

## टीवी मसाला



# आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने **IIT** का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और **IIT** कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। आदित्य ने बताया कि उन्होंने पांच साल तक काम किया और खुद सेविंग कर अपना नया बिजनेस शुरू किया है जो किसी भी कंपनी के डाटा स्टॉक रिसर्च में मददगार है। ये काम वो **AI** की मदद से करते हैं। आदित्य की ये बातें सुन सभी शार्क खुश हुए। बता दें, इसके अलावा शार्क के मंच पर कई बिजनेस आईडिया पहुंचे थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ।



मगर अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है।

# 2016 के ट्रेंड में शामिल हुईं भूमि
## शेयर की अक्षय के साथ पहली तस्वीर

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर भी बॉलीवुड की बाकी सेलेब्स की तरह सोशल मीडिया पर '2016' ट्रेंड में शामिल हो गई हैं। अपनी तस्वीरों की एक पोस्ट में भूमि ने उस साल के कई पलों को साझा किया है, जिनमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली तस्वीर, बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पिलाटेस सेशन शामिल हैं। भूमि की ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भूमि ने 2015 में फिल्म दम लगा के हईशा से अपनी एक्टिंग की शुरुआत की थी। आयुष्मान खुराना के साथ इस फिल्म में भूमि ने एक मोटी टीचर का रोल निभाया था। उस समय उन्होंने पुरानी सोच को तोड़कर अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 2016 में उन्होंने अपना वजन कम किया और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' में काम किया। अपनी नई पोस्ट में, भूमि ने 2016 के कुछ यादगार पलों को शेयर किया, जैसे उनका पहला फोटोशूट और बॉडी चेंज की तस्वीरें। भूमि पेडनेकर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, '2016 सपनों से भरा साल था। 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के सेट पर- पहली स्लाइड में भूमि ने 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' के सेट से अक्षय के साथ एक मजेदार सेल्फी शेयर की है। दूसरी स्लाइड में उनके पहले फोटोशूट की तस्वीर है, जिसमें वो काली ड्रेस में पोज दे रही हैं। फिल्मफेयर मैगजीन में भूमि का पहला फीचर 2016 में आया था। उन्होंने अपने शरीर को बदलने के लिए पिलाटेस किए थे। भूमि की तस्वीरों में एक मजेदार तस्वीर अक्षय कुमार के साथ है। दोनों सेल्फी में साथ हैं, और पीछे एक भारतीय टॉयलेट दिख रहा है। आखिरी तस्वीर उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं।





# केवल एक घर में शूट हुई ये दिल छू लेने वाली फिल्म

**मुंबई।** अगर आप हिंदी फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ नया और अलग कंटेंट देखना चाहते हैं तो हम आपको साल 2022 में आई एक ऐसी शॉर्ट फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो आपको यकीनन पसंद आएगी। फिल्म में न तो बहुत से डायलोग्स हैं और न ही बहुत सारे किरदार, फिर भी ये हिंदी फिल्म यकीनन आपके दिल को छू लेगी। फिल्म में जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है द लास्ट एनवेलप। फिल्म में केवल तीन किरदार हैं। फिल्म नें अनु कपूर, शीबा चड्ढा और तेहरान बख्शी नजर आए हैं। इस फिल्म की खास बात है कि फिल्म को केवल एक घर में शूट किया गया है। फिल्म में केवल एक लोकेशन और तीन कलाकार हैं।



### जापान की इस सर्विस पर आधारित है फिल्म

यह फिल्म जापान में 1990 में शुरू हुई उस सर्विस पर आधारित है जहां सर्विस प्रोवाइडर्स कस्टमर्स को एक्टर्स प्रोवाइड कराते हैं जो उनके करीबी और रिश्तेदारों की जगह घर आते हैं और परिवार के साथ थोड़ा टाइम बिताते हैं और उनके रिश्तेदारों की तरह ही एक्ट करते हैं। यह सर्विस सबसे पहले जापान में शुरू हुई थी ताकि एक आदर्श समाजिक व्यवस्था और बुजर्गों के प्रति स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाया जा सके।

### क्या है फिल्म की स्टोरीलाइन?

फिल्म की शुरुआत ऐसे मां-बाप से होती है जो अपने बेटे के बर्थ डे पर उसके घर आने का इंतजार कर रहे होते हैं। मां अपने बेटे के लिए उसके मन का खाना बना रही होती है। पिता घर की सफाई कर रहे होते हैं। फिर दरवाजे पर दस्तक होती है। माता-पिता दरवाजा खोलकर बेटे का स्वागत करते हैं। पूरा परिवार एक साथ एंजॉय कर रहा होता है कि तभी बेटे की नजर घड़ी पर पड़ती है और कमरे में सन्नाटा छा जाता है। इसके बाद कहानी में एक ट्विस्ट आता है। ऐसा ट्विस्ट जो किसी को भी इमोशनल कर सकता है।

## अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

*मुंबई। करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

### अनोखी रोमांस पर आधारित थी

प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7।9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।




### रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैक: फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

### हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**रायगढ़।** 18 जनवरी को ओपी जिंदल विद्यालय पतरापाली में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा का संचालन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय टेस्ट एजेंसी द्वारा सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु कक्षा छठवी एवं नवमी में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन शहर में सिर्फ एक ही केंद्र में किया गया था। कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु कुल 359 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 300 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं कक्षा नवमी के लिए कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए थेए जिनमें से 102 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे परीक्षा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सकी। इस परीक्षा का आयोजन सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में विद्यालय के प्राचार्य आरके् त्रिवेदी के नेतृत्व में तथा ऑब्जर्वर प्रोण डॉ आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

## निधन...

### ललित सतपथी



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओडेकेरा में दशकों वर्ष पूर्व ललित सतपथी सरपंच थे। लगभग 86 वर्षीय ललित सतपथी आए दिन अपने वरिष्ठ पत्रकार पुत्र दिलीप सतपथी के यहां रहते थे और जब उन्हें मन लगता तो अपने ग्राम ओड़ेकेरा में निवासरत प्रदीप एवं सुदीप सतपथी के यहां भी रहते थे।

### जिले के किसी भी समिति में नहीं है कोई खाद, किसानों ने की मांग

# खरीफ में खाद के लिए तरसे किसान अब रबी के लिए भी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

खरीफ सीजन में खाद तो मिली नहीं, अब रबी सीजन में किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। कारण जिले के किसी भी समिति में कोई भी खाद उपलब्ध नहीं है। हालात यह है कि किसानों को बाजार से दो गुनी कीमत पर खाद लेनी पड़ रही है। खाद नहीं मिलने के कारण किसान संघ ने सोमवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर खाद की मांग की है। यदि खाद नहीं मिली तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

**तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, नहीं मिली खाद तो होगा आंदोलन**

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में सोमवार को किसान संघ सरिया के द्वारा सेवा सहकारी समितियां में रासायनिक खाद की आपूर्ति नहीं होने से किसानों में तीव्र आक्रोस व्याप्त है। इसके पहले किसानों ने शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर समय के पहले रासायनिक खाद सेवा सहकारी समितियां में उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। सोमवार को किसान संघ सरिया के संरक्षक मोहन पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार कोमल साहू को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से किसान संघ के अध्यक्ष सत्यानंद प्रधान, उपाध्यक्ष रूप कुमार पटेल, आसाराम प्रधान, सचिव नरोत्तम नाथ प्रधान, कोषाध्यक्ष सरोज प्रधान, हेमचंद यादव एवं सदस्य गण संजय प्रधान, रोहित साव, विसीकेशन प्रधान, राजेश प्रधान, अरविंद प्रधान, सोनू साहू, हेम सागर सिदार, जितेंद्र पटेल, भुनू साव आदि लोग उपस्थित थे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

#### खरीफ के बराबर रबी में खेती

सरिया क्षेत्र के किसान खरीफ के बराबर रबी सीजन में खेती करते हैं। इसके लिए किसानों को खाद की जरुरत पड़ती है, लेकिन समितियों में कोई खाद ही नहीं है। इसके कारण परेशानी हो रही है। तहसीलदार को सौंप गए ज्ञापन में किसानों ने मांग किया है कि रवि फसल में धान, मूंगफली, मूंग एवं अन्य फसल लगाते हैं। जिसमें रासायनिक खाद डीएपी, यूरिया, पोटाश, सुपर फास्फेट की आवश्यकता पड़ती है। जिसके लिए हम कृषक सहकारी समितियां पर निर्भर रहते हैं। वर्तमान में समितियां में किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं है, और किसान परेशान है।

#### अधिकारियों को मांग से कराएंगे अवगत

सोमवार को किसान संघ सरिया के द्वारा कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय सरिया में ज्ञापन दिए हैं। जिसमें किसानों ने सेवा सहकारी समिति में रवि फसल के लिए रासायनिक खाद की मांग किया है।

**कोमल साहू**
**तहसीलदार सरिया**

#### मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

सोमवार को तहसीलदार कोमल साहू को कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नाम किसान संघ सरिया के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें मांग किया गया है कि रवि फसल में सेवा समितियां में रासायनिक खाद की आपूर्ति किया जाए।

**मोहन पटेल**
**संरक्षक किसान संघ**

## ट्रैफिक मितान और पुलिस को दी गई फर्स्ट एड की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जिले के ट्रैफिक मितान एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार फर्स्टएड का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा दुर्घटना की प्रकृति के अनुसार प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, पानी में डूबने, विद्युत करंट लगने, जहर सेवन जैसे मामलों में मौके पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के तरीकों को समझाया। साथ ही हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को तत्काल सीपीआर देने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, जिससे आपात स्थिति में प्रारंभिक इलाज मौके पर ही संभव हो सके। वर्तमान में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण में रोड एक्सीडेंट के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, फ्रैक्चर अथवा गंभीर चोट की स्थिति में घायल को सुरक्षित व स्थिर रखते हुए अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया।




## रायगढ़ के कीरत ने हासिल किया कैंसर जागरूकता शतरंज प्रतियोगिता का खिताब

**रायगढ़।** शतरंज के माध्यम से समाज में कैंसर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित प्रथम रायगढ़ कैंसर जागरूकता शतरंज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया था।

इस आयोजन का संचालन बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ की सुपर स्पेशलिस्ट टीम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेस कमेटी एवं टीम चेस सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में 4 राज्यों से 258 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें 34 अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी भी शामिल थे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत उच्च एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल प्रबंधन की अहम भूमिका रही, जिनके नेतृत्व में यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया। डॉ. देवेंद्र नायक, चेयरमैन, डॉ. प्रकाश मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. प्रभात पटेल, डायरेक्टर, डॉ. रुपेंद्र पटेल, डायरेक्टर, डॉ. मुकुंद अग्रवाल, डायरेक्टर, दीपांशु पाणिग्रही, कॉर्पोरेट अफेयर्स, कार्यक्रम के इवेंट हेड के रूप में डॉ. यश चड्ढा कैंसर सर्जन ने आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी संभाली।



## दंतेल का आतंक, ग्रामीणों की नींद गायब

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के नुआगांव ब्लॉक में पहले से ही दंतेल हाथी के उत्पात से लोग त्रस्त हैं और अब बणाई क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। दंतेल हाथी की गतिविधियों ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है और क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेल हाथी बणाई, तामड़ा और बांकी वन रेंज में दिन के समय जंगलों में विचरण करता है। इस दौरान वह पेड़ों की डालियां तोड़कर अपना भोजन करता है, लेकिन जैसे ही रात होती है, वह जंगल छोड़कर आसपास के गांवों में घुस आता है।

